आया पर्व नवरात्रों का | By Vicky Sandhu |

आया पर्व नवरात्रों का
सज गये माँ के दरबार
ढोल नगाड़ा बजे शहनाई
घुँघरू की झंकार
मैया तेरे भवनों पे
है हो रही जय जयकार
मैया जी तेरे भवनों पे
भक्तों की लगी कतार

आज भवन मेरी मैया का
स्वर्ग से सुन्दर लागे
सूर्य चन्द्र भी फीके लगते
माँ के रूप के आगे
जगमग जगमग ज्योति जगती
तारे चमके हजार
मैया तेरे भवनों पे
है हो रही जय जयकार
मैया जी तेरे भवनों पे
भक्तों की लगी कतार

दूर दूर से भक्त हैं चलके
माँ के दर पे आते
वरदाती के दर्शन कर
मुँह माँगी मुरादें पाते
सबकी झोली भरती मेरी
मैया बड़ी दिलदार
मैया तेरे भवनों पे
है हो रही जय जयकार
मैया जी तेरे भवनों पे
भक्तों की लगी कतार

कुदरत का सौन्दर्य यहाँ पर
मनभावन है नज़ारे
हरे भरे पर्वतो पे गूंजे
माँ के जय जय कारे
दीपक को अपने दर पे भी
बुला लो माँ एक बार
मैया तेरे भवनों पे
है हो रही जय जयकार
मैया जी तेरे भवनों पे
भक्तों की लगी कतार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%b5-%e0%a4%a8%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-vicky-sandhu/